तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


हरिभूमि-कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 7 सितंबर 2025



12 पितृ पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर शिववास योग समेत...






12 शिक्षा व्यवस्था और कुपोषण पर सरपंच ने प्रधानपाठकों...




[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]






## खबर संक्षेप

### अवैध शराब रखने पर दो कोचियों गिरफ्तार



**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत अंतागढ़ के रोड किनारे 5 सितंबर को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए ताड़ोकी थानांतर्गत ग्राम कलेपरस निवासी 27 वर्षीय भुनेश्वर नाग को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। परतापुर थानांतर्गत परतापुर पुलिस ने पीव्ही 70 शांतिनगर के पास 5 सितंबर को शाम 5 बजें आरोपी पीव्ही 64 निवासी 45 वर्षीय रंजीत विश्वास अपने कब्जे में 14 नग अंग्रेजी शराब कीमती 3 हजार 840 रूपएं और 12 बॉटल बियर कीमत 2 हजार 400 रूपएं कुल 6 हजार 240 रूपएं की शराब को रखा हुआ था। अवैध रूप से रखे शराब को बेचने के लिए आरोपी ग्राहक की तालाश में था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। शराब को जप्त कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

निर्णय : मुसुरपुट्टा गांव में हुई बैठक, अब तक जिले के सात गांवों में लगा प्रतिबंध

# धर्मांतरण के विरोध में जुटे 20 गांव के समाज प्रमुख, पास्टर एवं पादरी के प्रवेश पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

जिले के सरोना तहसील के ग्राम मुसुरपुट्टा में धमतरी जिले के बेलर, घुरावड़ सहित सरोना तहसील के 20 गांव के समाज प्रमुखों ने मतांतरण का विरोध करते हुए बैठक रखकर गांव में पादरी, पास्टर और धर्म परिवर्तित कर चुके लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दिया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक बोर्ड लगा दिया है। ऐसा करने वाला यह जिले का सातवां गांव बन गया है।


जिला कांकेर के सरोना तहसील के गांव में मतांतरण के खिलाफ ग्रामीण एक जुट हो रहे है और लगातार बैठक करके गांव हित में निर्णय ले रहे है। ग्रामीणों की मानें तो लगातार हो रहे धर्मांतरण से गावों में तनाव और असंतोष की स्थिति बन रही है, जिससे सामुदायिक सदभाव खराब हो रहा है, इसे नियंत्रण करने के लिए शुक्रवार को मुसुरपुट्टा में बैठक आयोजित हुई, जिसमें धमतरी जिले के बेलर, घुरावड़, जैतपुरी, आमगांव, भुरसीडोंगरी सहित सरोना तहसील के 20 गांव के समाज प्रमुखों द्वारा बैठक रखी गई थी, जिसमें निर्णय लिया गया कि गांव के प्रवेश द्वार पर पास्टर एवं ईसाई धर्म के लोगों का प्रवेश वर्जित करने का निर्णय सुनाया गया। सरोना तहसील का मुसुरपुट्टा सातवां गांव है, जिसने इस तरह का निर्णय लिया है और गांव की सीमा पर गांव में पास्टर व पादरियों के प्रवेश पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाया गया। आयोजित बैठक में बताया गया कि मुसुरपुट्टा गांव में 25 परिवार के लोग दूसरे धर्म को मानने लग गए हैं, जिसमें तीन परिवार को वापिस मिलाया गया है। पांच परिवार अभी भी दूसरे धर्म का अनुसरण कर रहे हैं, जिसके चलते गांव और आदिवासी समाज के रीति रीवाजों पर फर्क पड़ रहा है। इसके साथ ही गांव का माहौल भी खराब हो रहा है। 10 दिन पहले मतांतरित परिवार के एक महिला ▶▶|शेष पेज 10 पर

### खास बातें

- गाँव की सीमा पर पास्टर एवं पादरी के प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध का बोर्ड
- बैठक में जिले की सीमा से लगे धमतरी के प्रमुख भी हुए शामिल
- मतांतरित परिवार के कफन दफन को लेकर इलाके में लगातार हो रहे विवाद



### ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित


पादरी (पास्टर) का धर्मान्तरण क्रियाकलाप वर्जित है।

हमारा क्षेत्र भारत के संविधान की पांचवी अनुसूची के अन्तर्गत आता है। हमारे ग्राम - मुसुरपुट्टा में पेसा कानून ( पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार ) अधिनियम 1996 लागू है, इसके नियम 4 (घ) के तहत सांस्कृतिक पहचान व रूढ़िवादी संस्कृति का संरक्षण प्राप्त है। गांव में आदिवासीयों को प्रलोभन देकर उनका धर्मान्तरण करना हमारी संस्कृति पहचान को नुकसान पहुंचाने के साथ आदिम संस्कृति को खतरा है।

अतः हम ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर हमारे ग्राम - मुसुरपुट्टा में ईसाई धर्म के पास्टर और पादरी एवं बाहर गांव से आने वाले धर्मान्तरित व्यक्तियों का धार्मिक आयोजन के उद्देश्य से प्रवेश पर रोक लगाते हैं।

सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष नंदलाल मंडावी ने बताया कि ईसाई धर्म का हम विरोध नहीं कर रहे हैं, मगर जिस तरह से गांव के भोले-भाले लोगों का मतांतरण कराया जा रहा है, उसका विरोध कर रहे हैं। बोर्ड में ग्रामीणों ने लिखा है कि पेशा अधिनियम 1996 लागू है, जिसके नियम चार (घ) के तहत सांस्कृतिक पहचान व रुढ़ीवादी संस्कृति के संरक्षण का अधिकार प्राप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आदिवासियों को प्रलोभन देकर उनका मतांतरण कराना, हमारे संस्कृति को नुकसान पहुंचाने के साथ आदिम संस्कृति को खतरा है। ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर ग्राम मुसुरपुट्टा में ईसाई धर्म के पास्टर पादरी एवं बाहर गांव से आने वाले मतातंरित व्यक्तियों का धर्मिक व धर्मांतरण आयोजन के उद्धेश्य से प्रवेश पर रोक लगाते हैं। इसके लिए गांव के प्रवेश द्धार पर बोर्ड लगाया गया है।

## अंतागढ़-दल्लीराजहार मार्ग पर ट्रक की ठोकर से स्कूटी चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत आसुलखार और अंतागढ़ से दल्ली जाने वाले मार्ग सड़क पर दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत हो गई व दूसरी घटना में ट्रक की टक्कर से एक्टीवा सवार युवक को गंभीर चोट आया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत करने पहुंची 22 वर्षीय हसीना जैन पिता कपिल जैन ने पुलिस को बताया कि मैं वार्ड क्रमांक 01 संजयपारा में रहती हूँ। मेरा भाई शत्रुघन जैन पिता कपिल जैन अपने निजी काम से दल्ली रोड में एक दुकानदार की एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीएन 2689 से गया था, वहां से जब वापिस अपने घर अपनी साईड से धीमी गति से आ रहा था, तभी लगभग दोपहर के ढाई बजे के आसपास अंतागढ रोड से दल्ली रोड़ की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9742 के चालक द्वारा ट्रक को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर विपरीत साईड से आकर मेरे भाई को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसमें मेरा भाई दूर जाकर फेंका गया तथा उसके दाहिना हाथ एवं बांया पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में उसके चोटें आई है, जिसका तत्कालिक ईलाज भानुप्रतापपुर के प्राइवेट अस्पताल में कराया गया। चोट गंभीर होने से मेरे भाई को उचित ईलाज के लिए हायर सेंटर रिफर करने पर धमतरी में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मेरे भाई का ईलाज चल रहा है। धमतरी में अस्पताल में भर्ती कराने के कारण मैं रिपोर्ट लिखाने एक दिन बाद 6 सितंबर को आई हूँ।




प्रार्थियां की शिकायत पर आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9742 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## बिना इंडीकेटर के खड़े हाईवा से ट्रक टकराया, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



आसुलखार के पास सड़क किनारे बिना इंडीकेटर की खड़ी हाईवा से ट्रक की जोरदार टक्कर हो जाने से ट्रक चालक को गंभीर चोट आई, जिसे ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, परंतु चिकित्सकों ने जाँच करके बताया कि मौत हो गई है। घटना की जानकारी पुलिस को दिया, पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।

भानुप्रतापपुर थाना पहुँचे मृतक के पिता नरसिंग यादव ने पुलिस को बताया कि मैं भानुप्रतापपुर से सटे गांव नारायणपुर में रहता हूं और खेती किसानी का काम करता हूँ। मेरा बेटा भावेश यादव ड्रायवरी का काम करता है, जो ट्रक मालिक नीरज चोपड़ा के ट्रक क्रमां सीजी 04 एमजे 6422 को चलाता था। मेरा बेटा ट्रक को 5 सितंबर को मेटाबोदली माईंस से लौह अयस्क भराकर गिधाली जिला बालोद गया था और लौह अयस्क की खाली करने के 6 सितंबर की सुबह पुनः ट्रक में लौह अयस्क भरने के लिए मेटाबोदली माईंस जा रहा था कि सुबह 4 बजे के आसपास ग्राम आसुलखार मेन रोड पुल के पास बिना इंडीकेटर एवं पार्किंग लाईट के हाईवा क्रमांक सीजी 21 जे 6003 खड़ी थी। इंटीकेटर एवं पार्किंग लाईट नहीं जलने के कारण मेरी ट्रक पीछे से टकरा गई थी। ट्रक की टक्कर हाईवा से होने के चलते मेरे बेटा भावेश यादव के सिर, पैर, सीना में चोट आने से मौके पर मौत हो गया एवं ट्रक का सामने हिस्सा भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हाईवा क्रमांक सीजी 21 जे 6003 के चालक द्वारा हाईवा को मेन रोड में लापरवाही पूर्वक खड़ा किया था। खड़ी ट्रक का एंडीकेटर लाईट व पार्किंग लाईट बंद था एवं ट्रक खराब होने के संबंध ▶▶|शेष पेज 10 पर






पितृ पक्ष पर 100 100 साल बाद चंद्रग्रहण का संयोग, कांकेर में दिखेगा

# साल का आखिरी चंद्र ग्रहण आज, दोपहर से सूतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

साल का दूसरा यानी आखिरी चंद्र ग्रहण आज 7 सितंबर रविवार को लगेगा। यह चंद्र ग्रहण कुंभ राशि में लगेगा। इस बार के चंद्र ग्रहण पर 100 साल बाद पितृ पक्ष का संयोग बन रहा है। इस बार लगने वाला पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा, जो कि शनि की राशि कुंभ और गुरु के नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद में लगने जा रहा है। इसके साथ ही यह चंद्र ग्रहण कांकेर में भी दिखाई देगा और इसका असर देश दुनिया और मानव जीवन पर पड़ेगा।

- 7 सितंबर रात 8.59 बजे से चांद पर हल्की छाया पड़नी शुरू होगी




### रात से शुरू होगा चंद्रगहण

चंद्र ग्रहण का आरंभ 7 सितंबर की रात 9 बजकर 58 मिनट से होगा और इस ग्रहण का समापन 8 सितंबर की आधी रात 1 बजकर 26 मिनट पर होगा, अगर ग्रहण के सबसे महत्वपूर्ण और पीक टाइमिंग की बात की जाए तो यह रात 11 बजकर 42 मिनट पर अपने चरम पर होगा। कांकेर में संपूर्ण ग्रहण काल की कुल अवधि 3 घंटे 28 मिनट की रहेगी।

चंद्र ग्रहण एक खगोलीय घटना है, लेकिन इसे ज्योतिर्विदों के नजरिए से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। ज्योतिष के ▶▶|शेष पेज 10 पर

### चंद्र ग्रहण के दौरान ग्रहों की स्थिति

चंद्र ग्रहण राहु के नक्षत्र शतभिषा से शुरू होगा और गुरु के नक्षत्र पूर्वभाद्रपद पर इसका समापन होगा। इस दिन सूर्य, शनि और गुरु जैसे बड़े ग्रहों का महासंयोग भी बन रहा है। इस दिन दो ग्रहों की अहम भूमिका रहेगी. चंद्र ग्रहण में राहु और चंद्रमा एकसाथ होते ही हैं. इस बार ग्रहण रविवार को है तो सूर्य की भी एंट्री हो गई है, क्योंकि रविवार सूर्य देव का दिन होता है साथ ही, यह साल मंगल का साल है तो मंगल भी आ गए हैं. जिस दिन ये ग्रहण लग रहा है, वो तारीख और उस तारीख का मूलांक 7 है जो केतु का प्रतिनिधित्व करता है।

## खबर संक्षेप



### संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

**दुर्गुकोंदल।** संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। प्राचार्य ने शिक्षक के महत्व को बताते हुए शिक्षक को राष्ट्र की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माता कहा। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राएं, अभिभावकगण, शिक्षक और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विभाग की टीम ने 3 बंदर पकड़े, जंगल में पहुंचाया



**दुर्गुकोंदल।** आरईएस कॉलोनी दुर्गुकोंदल में बंदरों के आतंक से लोग परेशान थे। बंदरों के आतंक की जानकारी वन विभाग को दिया गया। जानकारी मिलने के बाद वन विभाग कि टीम ने कालोनी में रहने वाले लोगों के शिकायत को संज्ञान में लेते हुए उत्पात मचाने वाले तीन बंदर को पकड़ा और जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया। अब दुर्गुकोंदल आरईएस कालोनी निवासीयो को बंदरों के आतंक से राहत मिल पाएगा।

### सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की 9 को होगी बैठक

**अंतागढ़।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 18 अक्टूबर को सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का स्थापना दिवस भानुप्रतापपुर में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस विषय को लेकर अंतागढ़ ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ प्रधान एवं सचिव एसी नागराज के नेतृत्व में एकेडमी भवन संजय निकुंज के पास 9 सितंबर मंगलवार को विशेष बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के जिला अध्यक्ष माधेश्वर जैन व जिला सहसचिव विजय साहू एवं राकेश गुप्ता उपस्थित रहेंगे।

### अतिक्रमण हटाने जारी अभियान पर चर्चा की



**जगदलपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप से छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष अमित कुमार झा जिला अध्यक्ष दामोदर सेठिया,संभाग सचिव धर्मेंद्र सिंह ,अभिषेक श्रीवास्तव ,संतोष कच्छी,लल्लन तिवारी पदाधिकारियों ने ग्राम फरसागुडा में मुलाकात कर वन भूमि के अतिक्रमण को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी।

### कांग्रेस भवन में किया भंडारा

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस के द्वारा राजीव भवन के समक्ष महाभंडारा का आयोजन शनिवार को किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में शहर और गांव के लोग खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने मनाया शिक्षक दिवस

**जगदलपुर।** शहर के भगत सिंह पूर्व माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसमें बच्चों ने शिक्षकों की कुर्सी दौड़ रखी गई एवं बच्चों द्वारा शिक्षकों को डायरी, श्रीफल, पेन आदि देकर शिक्षकों को सम्मानित किया। स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती यास्मीन खान, श्रीमती इंद्रा मथरानी, श्रीमती रुपलता पांडे, उमेश प्रताप सिंह, विशाल देवांगन, पुरुषोत्तम पांडे, श्रीमती याशिका प्रधान शामिल रहे।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा में उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सरोना

सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम चिहारीपारा में गणेश प्रतिमा का विसर्जन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। दस दिवसीय गणेशोत्सव के बाद जब बप्पा को विदाई देने का समय आया, तो पूरा गांव भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठा। डोल-ढोल, नगाड़े और जयकारों के बीच गणपति बप्पा की प्रतिमा को विसर्जन स्थल तक ले जाया गया।

गांव के युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने मिलकर आयोजन को भव्य रूप दिया। विसर्जन यात्रा के दौरान ढोल-ताशों की थाप पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। महिलाएं मंगल गीत गाते हुए पूरे मार्ग में शामिल हुईं और माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। ग्रामवासियों ने बताया कि गणेशोत्सव न केवल धार्मिक आयोजन है बल्कि यह गांव की एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। इस दौरान ग्राम चिहारीपारा में लगातार 10 दिनों तक भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गणेश विसर्जन के बाद ग्रामवासियों ने एक-दूसरे को प्रसाद वितरित किया और यह संकल्प लिया कि अगले वर्ष और भी बड़े पैमाने पर गणेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में फुलचंद कुंजाम, शिवलाल नेताम, बुधराम नेताम, भावसिंह मंडावी, धर्मसिंह मंडावी, रामसिंह निषाद, सितखराम नेताम, संजु टेकाम, शेखर कुंजाम, दिपेश शोरी, गैस शोरी, ऋषभ कुंजाम, योगेश कुंजाम, शैलेश नेताम, कैलाश नेताम, देवकरण मरकाम, पिले सिंह टेकाम, शिवम मंडावी, सौरभ शोरी, भरत नेताम, दानु शोरी, लोशन कुंजाम, शुभम शोरी, पोखन विश्वकर्मा, परमेश शोरी, वैभव नेताम, ऋतु नेताम, करन शोरी, देवेश मरकाम सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।





### कोटलभट्टी में धूमधामसे किया गणेश विसर्जन



बासनवाही। कोटलभट्टी में पिछले ग्यारह दिनों से चल रहे भगवान गणेश के पूजन कार्यक्रम का 06 सितबंर को विसर्जन कर समापन किया गया। ग्राम कोटलभट्टी के गणेश समिति ने पूजन करने के बाद विसर्जन के लिए परिसर से भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ गांव में शोभा यात्रा निकाली। विसर्जन के समय सभी की आंखे नम हो गई। गणेश विसर्जन में ग्राम कोटलभट्टी के श्रद्धलुओं ने डीजी की धुन पर नाचते गाते अबीर गुलाल खेलते हुए भगवान गणेश का जयकारा लगा रहे थे एवं रास्ते में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। विसर्जन के बाद कोटलभट्टी के गणेश समिति में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### दुर्गूकोंदल सहित अंचल में किया बप्पा की प्रतिमाओं का गाजे बाजे के साथ विसर्जन

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लॉक के अंचल के गांवों में विराजे गणेश प्रतिमाओं को शनिवार को विसर्जन किया गया। इस दौरान लोगों ने विघ्नहर्ता को अगले बरस तू जल्दी आने कामना के साथ विदाई दी। दुर्गुकोंदल, आवसपारा, थाना पारा ग्राम आमागढ़, ईरागांव, महेंद्रपुर, आमाकड़ा, तरहुल, सिवनी, बरहेली, मेड़ों, सुखई, कोदापाखा, सिहारी, हाटकोंदल और बरगांव में स्थापित गणेश प्रतिमा की लोगों ने विसर्जन से पहले विशेष पूजा-अर्चना की। भक्तों ने गणपति को मोदक, मिठाई और फलों का भोग अर्पित किया और आरती के साथ उन्हें विदा करने की तैयारी की। शोभायात्राओं में भक्त नाचते-गाते, झूमते हुए बप्पा को विदाई देने निकले। हर ओर उत्साह और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। विसर्जन स्थल पर भी पूरे विधि-विधान से गणपति की अंतिम आरती कर विदाई दी गई।

### कोयलीबेड़ा में भगवान गणेश की मूर्ति का किया विसर्जन

**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा में भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया गया। नगर के थाना पारा, अटल चौक, निषाद पारा, मंडली पारा, दुर्गा चौक, बाजार चौक व आवास पारा सहित सभी गणेश पंडालो में हवन पूजन के पश्चात विसर्जन के लिए सभी पंडालो से भगवान की मूर्ति के साथ झांकी बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण किया गया, जिसमें नगर के श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों एवं चौक चौराहे पर उपस्थित होकर विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर विदाई दी गई। विसर्जन गाड़ियों का काफिला क्रमबद्ध चलते हुए गाडाघाट पहुंची जहां भगवान की मूर्ति का विसर्जन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





## औषधीय पौधे के उपयोग की जानकारी दी व प्रदर्शन लगाई

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर हर दिन हर घर आयुर्वेद के तहत घरेलू उपचार में औषधीय पौधे एवं वनौषधि का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम हाई स्कूल कोदापाखा के छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ एवं जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित किया गया। प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए ताजी औषधीय पौधों को औषधि उद्यान से एवं वनौषधियों को स्थानीय ग्रामीण वैद्यराज के सहयोग से संग्रह किया गया। सुखा औषधीय पौधें एवं वनौषधि को एयर टाइट जार में 10 वर्ष पूर्व संग्रहित एवं तीन बड़े-बड़े फ्लैक्स 10 वर्ष पूर्व में बना घरेलू उपचार में आयुर्वेदिक औषधि औषधि का स्थानीय गोंडी बोली में अंकित कर, जिससे स्थानीय लोगों को औषधि पौधों को पहचानने में असहयनी हो, प्रयोग अंग एवं प्रयोग विधि का विवरण के साथ फ्लैक्स को प्रदर्शन कार्यक्रम में असहयनी से समझने के लिए प्रयोग किया गया। कार्यक्रम पूर्व हाई स्कूल के छात्र-छात्रायें एवं स्टाफ द्वारा फ्लैक्स के साथ रैली निकाल कर आयुर्वेद एवं जड़ी-बूटियों के महत्व से संबंधित नारे लगाते हुए ग्राम की गलियों में प्रचार -प्रसार किया गया, सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान धन्वंतरि जी के पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। हमर सुघ्घर औषधि उद्यान एवं ऑक्सीजन जोन क्षेत्र का भ्रमण करा कर औषधीय पौधों एवं वनौषधि का पहचान करा कर उसका गुणधर्म प्रयोग अंग एवं प्रयोग विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## आदि कर्मयोगी अभियान में की गई उन्मुखीकरण कार्यशाला



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सभा कक्ष में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजन 6 सितंबर को आयोजित किया गया। कार्यशाला की शुरूआत महात्मा गांधी के छायाचित्र की पुजा अर्चना कर किया गया। परिकल्पना विश्व के सबसे बड़े जनजातीय नेतृत्व में यह अभियान बहुविभागीय समन्वयन और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। यह अभियान कैडर अधारित मॉडल एवं अंतर विभागीय अभिसरण पर अधारित है। उत्तरदायी शासन एवं योजना निर्माण को संस्थागत रूप देने आदिवासी क्षेत्र के अंतिम छोर तक सेवाओ की पहुंच सुनिश्चित किया जाना है। उक्त संबंध में बीएल कोमरे, कमलेश साहू, राजेश्वरी मंडावी, कमला सोनवानी ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर तथा प्रदान संस्था के सदस्यो के द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारीयो को मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र बंजारे एवं आरके किशोरे, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी आरडी ठाकुर विविआ जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के मार्गदर्शन में विस्तार से जानकारी दिया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आनंद तेता, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, विकास राजू नायक, सुलोचना कोरेटी, अमृता कोटिंगला, निर्मला कोवाची, हेमलता उइके, सविता उइके एवं मनोज किशोरे, लतीफ सोम, देवकुमारी परिहार, जयप्रकाश कुलदीप, ऋचा गुप्ता एवं सोनल लाल तथा सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहें।

## आगन्तुक छात्र-छात्राओं का स्वागत व प्राणीशास्त्र परिषद का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र विभाग एमएससी प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह एवं प्राणीशास्त्र परिषद का गठन किया गया। एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रीतिका तारम को अध्यक्ष, राखी मण्डावी को उपाध्यक्ष, दीपाली सिन्हा को कोषाध्यक्ष व हर्षित साहू को सचिव पद के लिए मनोनित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने प्राणीशास्त्र परिषद के सभी सदस्यों को शपथ दिलवाया एवं परिषद के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक सोच को विकसित करने हेतु जोर दिया। जैसे की महाविद्यालय के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं आज विभिन्न पदों में अपनी सेवाए दे रहे हैं वैसे ही आप भी इस महाविद्यालय को गौरवशाली परम्परा को बनाए रखेंगे और शीर्ष पदों पर पहुच कर देश सेवा करेंगे। महाविद्यालय की आईक्यूएसी के प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह ने नवागन्तुक छात्र-छात्राओं से सम्बोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में अनुशासन को बनाये रखते हुए अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अध्ययन करते हुए अपना और अपने परिवार का नाम रौशन करना है। साथ ही एम.एस. तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्रो को सुन्दर आयोजन के लिए बधाई दी। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो विजय बेसरा ने छात्र-छात्राओं को आगे चलकर रिसर्च में अवसर तलासने को प्रोत्साहित किया। प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष सुमिता पाण्डेय ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं परिषद के आगामी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। प्राणीशास्त्र परिषद् के प्रभारी डॉ आशीष कुमार नेताम सहायक प्राध्यापक ने नवआगंतुक छात्र छात्रों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने को कहा तथा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में बायोटेक्नोलॉजी के विभागाद्यक्ष नमिता कुजूर, डॉ शर्मीला सोनी, अतिथि व्याख्याता, तृप्ति राठौर अतिथि व्याख्याता, गोवेर्धन सोनवानी, प्रोशप एवं एमएससी प्रथम एवं एमएससी तृतीय सेम्सेस्टर के सभी छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी से अवैध शराब पर युवकों ने की कार्रवाई की मांग



**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा में अंग्रेजी शराब बिक्री बंद करने विगत दिवस सर्व आदिवासी समाज में थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए बंद करने की मांग रखी थी, कुछ दिन कार्यवाही हुई, उसके बाद जस का तस बन गई। समाज की युवा टीम दो दिन पहले थाना प्रभारी के साथ बैठक करके कार्यवाही की माँग किया है। कोयलीबेड़ा थाना पहुंचे युवाओं ने बताया कि पहले शराब खुले आम बेचा जाता था। अब चोरी छुपे बेची जा रही है। हालत यह है कि खेत-खार और गांव की गलियों, बाजार, चौक चौराहे में शराब की बोतल बिखरी पड़ी मिल रही है। इससे आम जनता, किसान, राहगीर, परेशान हैं और प्रशासन की मिली भगत से खुलेआम दारू बेची जा रही है। युवाओं का एक दल थाना पहुंचकर कार्रवाई से असंतुष्ट होकर नाराजगी जताते हुए शीघ्र कार्रवाई कर शराब बिक्री बंद करने की मांग पत्र थाना प्रभारी को सौंपा गया। युवा संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के अंदर अवैध शराब बिक्री बंद नहीं किया गया तो सड़क पर उतरेंगे। आखिर शराब कारोबारी पर धर पकड़ की कार्यवाही क्यों नहीं हो रही। प्रशासन जानबूझकर क्या चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों युवाओं ने कहा कि इस कारोबार ने आम लोगों को आर्थिक क्षति पहुंच रही है और सामाजिक सौहार्द भी बिगड़ता जा रहा है। सड़क दुर्घटना और घर घर में लड़ाई झगड़ा और हिंसा हो रही है।

## मांदर गांव के बच्चों को लाल चर्च ने दी पढ़ाई की सामग्री



**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मांदर में हाल ही में आई बाढ़ त्रासदी ने ग्रामीणों को भारी नुकसान पहुंचाया है। वहीं स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई है। अनेक बच्चों की किताबें, कॉपियां और अन्य पाठ्य सामग्री नष्ट हो गई। शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने और बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए चन्दैय्या मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च की ओर से पहल की गई। मांदर के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्कूली सामग्री वितरित की गई। स्कूली बैग, पेन सेट, पेंसिल सेट और आवश्यक अध्ययन सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षकगण, सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहे। बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता झलक रही थी, वहीं अभिभावकों ने चर्च के इस मानवीय कदम पर आभार व्यक्त किया। चर्च के धर्मगुरु लॉरेन्स दास, अध्यक्ष प्रवीण लाल, सचिव रजनीन्द्र डेनियल, फाइनेंस अध्यक्ष शैलेष दास, सदस्य सुभाष जॉन एवं अजय टाइटस मौजूद रहे।

### शहर भ्रमण कर जुलूस वापस जामा मस्जिद पहुंचा, मदरसों को सजाया गया

# मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज ने निकाला जुलूस, परचम कुशाई की अदा की रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

मुस्लिम समाज ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। समाज ने शुक्रवार 5 सितंबर को जामा मस्जिद से सुबह जूलूस निकाला जो शीतलापारा होते हुए ऊप नीचे रोड से नए बस स्टैंड से वापिस होकर जामा मस्जिद पहुँचा, जहाँ परचम कुशाई की रस्म अदी की गई। जामा मस्जिद के पेश ईमाम मुफ्ती आरिफ ने अमन व शांति के साथ तरक्की की दुआ मांगी। इसके साथ उन्होने एलान किया कि इस वक्त पंजाब के लोगो को बड़ा नुकसान हुआ है, हमें उनकी मदद करनी होगी। कांकेर की अंजुमन झलामिया कमेटी अर्थिक मदद करने चंदा कर रही है, उसमें बढ़-चढ़कर चंदा दें। मौलाना हाजी तुफैल अहमद ने कहा हम जिस पैगंबर का जश्ने विलादत मना रहे हैं, वे रहमतुल अलमीन हैं। उनका उपदेश है कि गरीबों व जरूरतमंद की मदद करो। हमें भी बिना धर्म समाज देखे मुसीबत में फंसे लोगों की मदद करनी है। अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर जावेद मेमन ने कहा पंजाब के हालात देखते समाज के युवाओं के एक दल को वहां भेजने की तैयारी की जा रही है। कांकेर से जमा रकम को वहाँ लंगर आदि राहत कार्य करेगी। इसके साथ ही साथ ही हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे बुलंद कर अमन, शांति व तरक्की की दुआ की गई।

### बच्चों के बीच हुई नात स्पर्धा



ईद मिलादुन्नबी पर नात प्रतियोगिता अलग अलग उम्र वर्ग के बच्चों के बीच आयोजित की गई। आयोजित स्पर्धा में 7 साल तक की बालिका ग्रुप में प्रथम अमिना फातिमा, द्वितीय अनाबिया फातिमा तथा तृतीय जैन निसमा रही। इसी तरह 10 साल तक के ग्रुप में आईजा फातिमा, नबा फातिमा तथा अलिजा बानो, बालकों में 7 साल तक में एहसान एअहम, अब्दुल कादिर, मिनाज रजा खान, 10 साल तक में अहद रजा, शेख शाहवेज तथा हुजैफा रजा और 12 साल तक के ग्रुप में अलहान खान, आतीफ रजा एवं अलफिसान खान क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे।

## पेज 09 के शेष...

### धर्मांतरण के विरोध...

की मृत्यु होने के बाद कफन दफन को लेकर गांव में बवाल हुआ था जिसके बाद ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर पास्टर पादरी को गांव में आने से सख्त मना किया गया है। संविधान की पांचवी अनुसूची में क्षेत्र में ग्राम सभा की मान्यता होता है जो अपने संस्कृति और परंपराओं के सुरक्षा करने के लिए निर्णय लेने में सक्षम है।

### बिना इंडीकेटर...

में किसी प्रकार का भी संकेत नहीं दिया गया था, जो वाहन हाईवा क्रमांक सीजी 21 जे 6003 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक हाईवा वाहन को बीच रोड़ मे खड़ी कर देने से एक्सीडेंट हुआ एवं एक्सीडेंट से आई चोटों के कारण मेरा बेटे भावेश यादव का मृत्यु हुआ है एवं ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर हाईवा वाहन के चालक के खिलाफ धारा 281, 285, 106 (1)बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### साल का आखिरी...

नजरिए से 7 सितंबर यानी आज लगने वाला चंद्र ग्रहण बहुत ही खतरनाक माना जा रहा है, क्योंकि जब भी चंद्र ग्रहण लगता है तो उसका प्रभाव देश-दुनिया 3 महीने पहले और 3 महीने बाद तक दिखाई देता है। 7 सितंबर यानी आज रात 8 बजकर 59 मिनट से चांद पर हल्की छाया पड़नी शुरू हो जाएगी, इसे चंद्र ग्रहण का पेनब्रा स्टेज कहा जाता है, लेकिन सूतक काल इसके हिसाब से नहीं बल्कि गहरी छाया पड़ने के 9 घंटे पहले ही माना जाता है यानी 7 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट से लग जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कबीर पंथ ट्रस्ट ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद



**बचेली।** दंतेवाड़ा व बचेली ट्रस्ट ने बस्तर के दूरस्थ अंचल जिला दंतेवाड़ा के कई ग्रामो में 3 सितम्बर तक बाढ़ पीड़ित परिवारों को आवश्यक राशन खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, आलू, प्याज, नमक, कंबल व कपड़ा आदि वितरण कर जरूरतमंद परिवारों की मदद कर रहे हैं। इस मुहिम के माध्यम से खाद्यान्न सामग्री के अलावा रोजमर्रा की चीज उपलब्ध कराई गई। ग्राम बालपेट, तुमनार, बंगापाल में राज्य संयोजक दुष्यंत सेवादार, गणपत सेठिया, जनक दास, राजाराम, रामलाल नेताम, राजू भोगामी, टेसूराम दास, प्रभु लाल सभी ने मिलकर इस महत्वपूर्ण मुहिम में बढ़-चढ़कर मानव सेवा कार्य में अपना योगदान दिया।

### नव नियुक्त प्राचार्य का स्वागत



**भोण्ड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव बकावंड में प्राचार्य मोनिता पाणिग्रही ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षकों ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने उनका स्वागत गीत के साथ पुष्पगुच्छ प्रदाय किया। नवनियुक्त प्राचार्या को स्कार्फ लगाकर विद्यालय की स्काउट गाइड सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया। मोनिता पाणिग्रही पूर्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना में व्याख्याता के पद पर 1998 से कार्यरत रही और पदोन्नति पर उन्होंने करीतगांव विकासखंड बकावंड में अपना कार्यभार ग्रहण किया।

### वैज्ञानिकों ने किसानों के खेतों का किया भ्रमण

**बीजापुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर के वैज्ञानिकों द्वारा जिले के किसानों के खेतों में भ्रमण किया गया। इस दौरान खेत में धान की फसल पर पत्ती मोड़क कीट चितरी कीट एवं केस वार्म कीट प्रकोप अधिकतर खेतों में देखा गया है। पत्ती मोड़क कीट चितरी कीट इल्ली अवस्था में फसल को नुकसान पहुंचाती है। पूर्ण विकसित इल्ली हरे रंग व 20-25 मिमी लम्बी होती है। यह कीट पत्तियों के दोनों किनारों को आपस में जोड़कर पत्तियों का हरा पदार्थ खुरजकर खा जाती हैं जिससे पत्तियों पर सफेद धारियां बन जाती है।

# 12 राहत शिविर में 560 व्यक्तियों को प्रतिदिन भोजन दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित की है



जिले में हाल ही में हुई अतिवर्षा से प्रभावित परिवारों को प्रशासन की ओर से त्वरित राहत और सहायता प्रदान की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत स्वयं प्रतिदिन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर घर-घर जाकर स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं और पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ले रहे हैं।

इस क्रम अब तक अतिवर्षा प्रभावित 420 परिवारों को 1 लाख 20 हजार के मान से कुल 5 करोड़ 4 लाख 7 हजार रुपये की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। इस प्रकार आंशिक क्षति के अतंर्गत 6 सौ 2 परिवारों को 2 करोड़ 6 लाख 24 हजार रुपये की राशि प्रदान किये गए है। इस प्रकार पषु क्षति अतंर्गत 7 लाख 39 हजार 800 रुपये की राशि दिए गए है। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा अन्य बचे प्रभावितों परिवारों को सहायता राशि वितरित करने की कार्यवाही की जा रही है।

इसके साथ ही प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर राहत और पुनर्वास की व्यवस्था की गयी है। जिले में वर्तमान में 12 राहत शिविर संचालित हैं, जिनमें 506 व्यक्ति ठहरे हुए हैं। शिविरों में रहने वाले तथा अन्य प्रभावित परिवारों को मिलाकर प्रतिदिन लगभग 560 व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। अतिवर्षा से उपजी परिस्थितियों पर जिला प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी प्रभावित परिवार को राहत और सहायता से वंचित न रहना पड़े।

इसके अलावा प्रभावित नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। जिसके तहत कोई भी व्यक्ति कंट्रोल रूम नंबर 07856-252412 पर संपर्क कर अपनी समस्या या जानकारी दे सकता है।

# शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी लगन से करें : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए शिक्षक



जिला मुख्यालय सुकमा में शिक्षा दिवस एवं रजत जयंती समारोह के अवसर पर शुक्रवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम शबरी आडोटोरियम एजुकेशन सिटी कुम्हाररास सुकमा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला स्तर पर चयनित शिक्षकों को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2025 हेतु शिक्षादूत पुरस्कार, सहित सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शॉल-श्रीफल एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि चैतराम आटामी विधायक दंतेवाड़ा ने सभी शिक्षक को शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनांए दी। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य 25 वर्ष होने वाला है इसलिए रजत जयंती भी मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबी कभी भी शिक्षा के मध्य बाधा नहीं बनती है। शिक्षा एकमात्र अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने बच्चों और देश के भविष्य निर्माण में सभी शिक्षक को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन और निष्ठा से करने कहा। सुकमा जिले के बच्चे शिक्षा प्राप्तकर लोगों की सेवा कर रहे हैं उसमें आप सभी शिक्षकों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं शिक्षादूतों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा देने, उनके साथ कठोर परिश्रम करें ताकि वे परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर जिले का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुकमा जिला बेहतर काम कर रहा है। आदिवासी अंचल के बच्चे बेहतर शिक्षा लेकर डॉक्टर्स, इंजीनियर सहित अन्य सेवाओं में चयन होकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। यहां के बच्चे शिक्षा के साथ ही खेलकूद में भी यहां के बच्चे जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षारूपी एक दीप पूरे घर को रोशन कर देता है उसी प्रकार आप सभी गुरूजन बच्चों की बेहतर शिक्षा देने की दिशा में कार्य करें।

जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे ने रजत जयंती और उप राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली रामकृष्ण को याद करते हुए शिक्षक दिवस की बधाई एवम् शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए सुकमा, नए छत्तीसगढ़ के निर्माण में बेहतर दिशा में निरंतर शिक्षक गण कार्य कर रहे है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सुकमा जिला शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे है। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका सोरी, जिपं उपाध्यक्ष महेश कुंजाम, नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, नगर पालिका परिषद् उपाध्यक्ष रीना पेद्दी, जपं कोंटा अध्यक्ष कुसुम लता कवासी, दिलीप पेद्दी सहित पार्षदगण, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

### नया धान चावल को माथे में टीका लगाकर लिया आशीर्वाद



**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने ग्रामवासियों की उपस्थिति में परंपरा अनुसार नवाखाई तिहार मनाया । उन्होंने उपस्थित बड़े बुजुर्ग से आशीर्वाद लिया और ग्राम विकास के साथ ग्रामवासियों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया । बताया गया कि गांव में वर्षों से यह परम्परा चलते आ रही है । परिवार के सभी प्रमुख एकत्रित होकर नया फसल का धान को गांव व घर परिवार की देवी को चढ़ाकर पूजा सेवा करते हैं। नया धान चावल को एक-दूसरे के माथे में टीका लगाकर आशीर्वाद लिया जाता है। इस अवसर पर सुखचंद कश्यप, नड़गा कश्यप,रामनाथ कश्यप, सुखदेव कश्यप, लच्छू, लच्छीन, अंती, मालती, लक्षनी, गीता, चंद्रभान, हरचंद, छोटू, गुड्डू, कमल,हरेंद्र कश्यप सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# बस्तर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



विधायक लखेश्वर बघेल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर तत्काल पहल करने की मांग की है।

विधायक ने बताया कि 18 अगस्त से एनएचएम अधिकारी व कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं । उनकी प्रमुख मांगों में नियमितिकरण, वेतनमान वृद्धि, डी.ए., मेडिकल अवकाश एवं पेंशन जैसी सुविधाएं शामिल हैं । लंबे समय से चल रही हड़ताल के कारण बस्तर जिले सहित पूरे संभाग की स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह प्रभावित हो चुकी हैं।

बघेल ने कहा कि हड़ताल के चलते जिले के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में ताले लटक गए हैं । ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं लगभग ठप हो चुकी हैं । मरीजों को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है । और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोग भटक रहे हैं। यह स्थिति बेहद गंभीर होती जा रही है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इनके कार्य बंद रहने से स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन ठप हो गया है यह न केवल मरीजों के लिए खतरनाक है बल्कि जिले के विकासखण्डों में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों को भी गहरी चोट पहुँचा रहा है।

विधायक बघेल ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया है कि हड़तालरत कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी जायज मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाए । उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान होने से स्वास्थ्य सेवाएं पुनः सुचारू होंगी और आम जनता को शीघ्र राहत मिलेगी।

# रक्तदान से कई लोगों की बच सकती है जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और हर दिन, हर घर आयुर्वेद का आयोजन किया गया। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में सामाजिक सरोकार से जुड़ी गतिविधियों के तहत महारानी अस्पताल में आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं, सामाजिक संगठनों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। रक्तदान महादान है और इससे अनेक लोगों को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया। साथ ही रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इसके अलावा आयुर्वेद अपनाएं, रोगों से बचें हेतु जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ आयुर्वेदाचार्यों ने जनसमूह को आयुर्वेद के महत्व और जीवनशैली में इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। जड़ी-बूटियों, औषधियों और योग-प्राणायाम जैसे उपायों के माध्यम से न केवल रोगों का निवारण संभव है, बल्कि बीमारियों से पहले ही बचाव भी किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों के बीच आयुर्वेद को अपनाकर प्राकृतिक तरीके से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं।

# आलोर ने जावंगा को 25 प्वाइंट से हराकर जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी



खेल और परंपरा के संगम को जीवंत करते हुए सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति करंदोला द्वारा तहसील परिसर में संभाग स्तरीय पारंपरिक कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता लगातार दूसरी पीढ़ी द्वारा आयोजित की जा रही है, जिससे क्षेत्रीय परंपरा को आगे बढ़ाने और युवाओं में खेल के प्रति उत्साह जगाने का उद्देश्य पूर्ण हुआ।

प्रतियोगिता में संभाग के विभिन्न अंचलों से आई कुल 32 टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए जोरदार संघर्ष किया। लीग और नॉकआउट राउंड के बाद रोमांचक फाइनल मुकाबला आलोर और जावंगा की टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच देखने के लिए तहसील परिसर में दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों दर्शकों की मौजूदगी में आलोर की टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जावंगा की टीम को 25 प्वाइंट से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे मुकाबले में दर्शक तालियों और उत्साहवर्धन से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे। प्रथम पुरस्कार 31001 भूतपूर्व विधायक चंदन कश्यप द्वारा प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 20001 जनपद अध्यक्ष बस्तर संतोष बघेल एवं जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान की ओर से दिया गया।

प्रथम एवं द्वितीय स्थान की शिल्ड जनपद सदस्य जमुना ठाकुर द्वारा प्रदान की गई। बेस्ट रेडर एवं बेस्ट डिफेंडर पुरस्कार वरिष्ठ समाजसेवी ठीबरु मौर्य द्वारा प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में करंदोला की सरपंच संध्या कश्यप, सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष करण ठाकुर, समिति के सभी पदाधिकारियों, स्थानीय युवाओं और ग्रामीणजनों का विशेष योगदान रहा। उनके अथक प्रयासों से यह आयोजन संभाग स्तर पर एक ऐतिहासिक खेल महोत्सव के रूप में संपन्न हुआ।

# शिक्षक मनीराम का विधायक ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के निवास स्थल में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर माध्यमिक शाला बजावंड के सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक मनीराम कश्यप का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शिक्षक समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं, जिनकी निष्ठा और ईमानदारी से दी गई शिक्षा समाज को प्रगति की ओर अग्रसर करती है।

मनीराम कश्यप ने अपनी शासकीय सेवा की शुरुआत 22 फरवरी 1984 को माध्यमिक शाला मटनार बकावंड से की थी लगातार 41 वर्ष 6 माह तक निर्विवाद सेवा देते हुए उन्होंने 31 अगस्त 2025 को माध्यमिक शाला बजावंड से सेवानिवृत्ति प्राप्त की इस लंबे कार्यकाल में कश्यप ने अपने अध्यापन जीवन को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ निभाया है। कश्यप बकावंड क्षेत्र के लोकप्रिय शिक्षकों में गिने जाते हैं उन्होंने अपने शिक्षण कार्यकाल के दौरान सैकड़ों विद्यार्थियों को शिक्षित कर समाज में एक सशक्त पहचान दिलाने का कार्य किया है। विद्यार्थियों और ग्रामीणों के बीच उनकी सादगीपूर्ण छवि और कर्तव्यनिष्ठा के कारण उन्हें हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा गया।

### खाद्यान्न सामग्री का किया वितरण



लोहंडीगुड़ा। मान्दर पिछले दिनों भारी बारिश के कारण ग्राम पारापुर, बड़े बाहार, नरीपानी नाला के सम्पर्क डुबान वाले क्षेत्र मान्दर का चिखलापारा, पारापुर, नेगानार, में लगभग 45 घर बह गये 45 घर क्षतिग्रस्त हो गए जिसमें कपड़ा, धन दौलत बाढ़ के साथ ही कृषि उपयोगी पशु भैंस, बैल, गाय, सुअर, बकरी, पक्षी आदि बह गये। इस गांव में निवास करने वाले राऊत, पनारा, मुरिया, माड़िया आदि जनजाति बेघर हो गये। पूर्णतः गांव उजड़ गया। पुनः बसने हेतु इस भीषण प्राकृतिक आपदा से पिड़ित परीवारों की मदद के लिये जगदीश चन्द्र मौर्य प्राचार्य हायर सेकेण्डरी स्कूल कोठियागुड़ा पत्नी रमणी मौर्य द्वारा राहत शिविर में जाकर खाद्यान्न सामग्री प्रदान किया गया पिड़ित परिवारों से सहानुभूतिपूर्वक मुलाकात किया गया ।

# नुक्कड़ नाटक में बताए गए एड्स के खतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



एड्स नियंत्रण क्लब रेड रिबन व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने चौक चौराहों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ सजीवन कुमार कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ,कार्यक्रम अधिकारी डॉ भुनेश्वर लाल साहू, देवेंद्र कुमार, दंतेश्वरी गर्ल्स कॉलेज से कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रिन्सी दुग्गा मानसी कंवर, वाई. डिंपल, यशोदा यादव, खीरबती नाग,मनीषा ठाकुर, गोमती, प्रतीक्षा पाण्डेय,सरगम कश्यप, अनीता, ललिता सोनी,पायल पाणिग्रही की उपस्थिति में दलपत सागर चौक, दंतेश्वरी मंदिर चौक, बस स्टैंड, गुरु नानक चौक, धरमपुरा चौक, चांदनी चौक , कालीपुर अध्ययनशाला चौक के पास प्रदर्शन किया गया। जिसमें भुवनेश्वर कश्यप, कु कीर्ति बघेल, कु भगवती भद्रे, चंचल मांडवी ,कु त्रिवेणी कश्यप, अंजलि नेगी, रोहित कुमार ,सुखदेव, अरविंद, कामेश्वर ,युवराज मौर्य, कृष्णा ,भावना पोयम ,संतोष सेठिया ने भाग लिया।

# सांसद व विधायक ने किया कई निर्माण कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



बास्तानार विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कुल 212.78 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सांसद एवं विधायक ने संयुक्त रूप से कार्यों का शुभारंभ करते कहा कि विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा।

ग्राम तिरथुम में सीसी सड़क निर्माण, ग्राम बड़े किलेपाल में 2 पुलिया निर्माण, प्राशा नवीन भवन किलेपाल, प्राशा नवीन भवन लक्ष्मणपारा किलेपाल, उप्राशा नवीन भवन दुलापारा जुनाटप्पा, प्राशा नवीन भवन गुजेपाल, उप्राशा नवीन भवन वेट्टीपारा, प्राशा नवीन भवन जामगांव, प्राशा नवीन भवन कोलेंगपारा सावगेल, प्राशा नवीन भवन मलाडीपारा सावगेल, प्राशा नवीन भवन बुरगुम, प्राशा नवीन भवन लालागुड़ा तथा जुनाटप्पा में नाली निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिक्षा, सड़क, स्वच्छता और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निरंतर निवेश करके ही ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि इन निर्माण कार्यों से न केवल बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, बल्कि आवागमन और स्वच्छता की स्थिति में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। विधायक ने कहा कि बास्तानार क्षेत्र में वर्षों से लंबित विकास कार्यों को अब प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है।

जनभागीदारी और पारदर्शिता के साथ ये कार्य समय-सीमा में पूरे किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे इन कार्यों की निगरानी में सहयोग करें ताकि गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने इन विकास कार्यों के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह भूमिपूजन न केवल विकास की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि शासन-प्रशासन की योजनाएं अब जमीन पर उतर रही हैं और इसका सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद अध्यक्ष महावती मण्डावी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, सुनील कुहरामी, जिला मंत्री बाबुल नाग, मण्डल अध्यक्ष सुनील कुहरामी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर, संतोष ठाकुर, बामन वेट्टी, विमल पाण्डेय, सोहन पोयाम, मगली पोयाम, रवि मण्डावी, रामधर करठाम, अर्जुन पोयाम, एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नगर पंचायत क्षेत्र में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में नगर पंचायत क्षेत्र गीदम के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए थे। इन गड्ढों की वजह से आमजन को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आए दिन लोग इन गड्ढों में गिरकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे थे। स्थिति यह थी कि बड़े-बड़े प्रशासनिक अधिकारी और राजनेता भी इसी मार्ग से रोज गुजरते रहे, बावजूद इसके गड्ढों को भरने में पूरी तरह से उदासीनता बरती गई। इस लापरवाही से आक्रोशित होकर आज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर नगरवासियों को तात्कालिक राहत दिलाने का बीड़ा उठाया। कार्यकर्ताओं ने स्वयं के व्यय पर सीमेंट और डस्ट का प्रबंध कर गड्ढों को भर दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल कर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण सड़कों की यह दुर्दशा हुई है। आए दिन हो रहे हादसों से जनता परेशान है, इसलिए आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर इन गड्ढों को भरा है। यह कदम प्रशासन को जगाने और जनता की आवाज़ सरकार तक पहुँचाने का प्रतीक है। सरकार को रील' से बाहर आकर जमीनी हक़ीक़त पर काम करना चाहिए, न कि सिर्फ़ रील बनाने तक सीमित रहना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### श्री सनातन गणेशोत्सव में चतुर्दशी पर हुआ हवन

**भानुप्रतापपुर।** श्री सनातन गणेश मंडली द्वारा श्री गणेश पंडाल में विघ्नहर्ता श्री गणेश भगवान के सम्मुख भक्तिभावपूर्वक वेदोक्त रूपेण हवन पूजन 5 सितंबर को भक्ति पूर्वक किया गया। इस पुण्य अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में अनंत गोपाल कोठारी एवं उनकी पत्नी ने पूर्ण श्रद्धा व आस्था के साथ हवन में आहुति अर्पित किया। हवन सम्पन्न होने के पश्चात मंडली द्वारा भक्तजनों हेतु महाप्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें नगर के अनेकों श्रद्धालु एवं नगरवासी सम्मिलित होकर श्री गणेश कृपा का लाभ प्राप्त किया। महाप्रसादी की व्यवस्था प्रदीप जैन के द्वारा समर्पण भाव से किया गया।

### बीरेंद्र बने नवीन पीएमटी छात्रावास के अध्यक्ष



**भानुप्रतापपुर।** नवीन पीएमटी बालक छात्रावास भानुप्रतापपुर में नवनिर्वाचित पदाधिकारी का चुनाव सर्वपल्ली राधाकृष्णन का पूजा अर्चना कर किया गया। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए बीरेंद्र टेकाम तथा उपाध्यक्ष जसवंत चूरेंद्र, सचिव मिनेश्वर उषारे, अनुशासन प्रभारी जयता राम जाड़े, शिक्षा प्रभारी रोहित कडियाम, संचालन प्रभारी नारद नरेटी को बनाया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी, छात्र नेता सितेश हिड़को, पूर्व जनपद सदस्य कल्याण टेकाम, भुनेश मांडवी, सुरेश टेकाम, केशव दुग्गा, मनेश उइके, राकेश दर्रो, दिनेश कोर्राम एवं सर्व समिति से समस्त छात्रावासी उपस्थित रहे।

### पेंशनरों की मासिक बैठक में सदस्यता ग्रहण कराया



**चारामा।** तहसील शाखा चारामा में पेंशनरों की मासिक बैठक समय अनुसार वाचनालय भवन में आयोजित किया गया। बैठक में चर्चा के दौरान इस वर्ष सेवानिवृत हुए अधिकारी कर्मचारी से सदस्यता शुल्क जमा कर सदस्यता ग्रहण कराया गया। चर्चा में प्रमुख रूप से वाचनालय भवन की मरम्मत के लिए आवश्यक सलाह एवं सुझाव पर पर खुली चर्चा हुई। चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि जिस राशि का उपयोग किया जाना है, वह विधायक सावित्री मांडवी द्वारा विधायक मद से दिया गया है। बैठक में अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, सचिव शेखू राम नागराज, कोषाध्यक्ष के अलावा सेवानिवृत्त डीपी साहू, ललित नेताम, अशवंत सिन्हा, यशवंत यदु, रवि शंकर दर्वे, विश्व भरण तारम, लक्ष्मण कश्यप, जी लागे, भगवान सिंह उपस्थित रहे।

# पितृ पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर शिववास योग समेत बन रहे कई मंगलकारी योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हिन्दू पंचांग के अनुसार पितृ पक्ष की शुरुआत हर साल आश्विन माह के कृष्ण पक्ष में होता है और इसका अंत आश्विन अमावस्या पर होता है। ज्योतिषियों की मानें पितृ पक्ष के पहले दिन यानी आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर दुर्लभ शिववास योग समेत कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में पितरों का तर्पण और पिंडदान करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलेगी।

हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व होता है और इसकी अवधि 15 दिन की होती है, जिसमें पितरों का तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध किया जाता है। गरूण पुराण के अनुसार पितृपक्ष के पंद्रह दिन की अवधि के दौरान पितरों का धरती पर आगमन होता है। ऐसे में उनका तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और घर परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है. हिन्दू पंचांग के अनुसार, पितृ पक्ष की शुरुआत हर साल आश्विन माह के कृष्ण पक्ष में होता है और इसका अंत आश्विन अमावस्या पर होता है।

भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 07 सितंबर की सुबह देर रात 01 बजकर 41 मिनट पर होगी और 07 सितंबर को रात 11 बजकर 38 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में 07 सितंबर दिन रविवार से पितृ पक्ष शुरू होंगे और सर्व पितृ अमावस्या के दिन यानी 21 सितंबर दिन रविवार को समाप्त होंगे।

## कुश से तर्पण और पिंड की प्रक्रिया 15 दिनों तक




### पितृ पक्ष के पहले दिन कई योग का बना रहा संयोग

पितृ पक्ष के पहले दिन यानी 7 सितंबर को रात 09 बजकर 11 मिनट तक शिववास योग का संयोग है। इस दौरान देवों के देव महादेव कैलाश पर जगत की देवी मां गौरी के साथ विराजमान रहेंगे। शिववास योग के दौरान पितरों का तर्पण करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होगी। साथ ही व्यक्ति पर पितरों की कृपा बरसेगी। अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर बालव, कौलव और तैतिल करण के योग हैं। बालव और कौलव योग में पितरों का तर्पण किया जाएगा। साथ ही पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग है। इन शुभ योग में पितरों का तर्पण करने से साधक के सुख, सौभाग्य और वंश में वृद्धि होगी।

## संवाद : शाला विकास समिति की बैठक सरपंच सनबती आंचला की अध्यक्षता में हुई

# शिक्षा व्यवस्था और कुपोषण पर सरपंच ने प्रधानपाठकों व आंबा टीम से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल में पंचायत के अंर्तगत दो उच्च प्राथमिक शाला व प्राथमिक शाला के पांचो प्रधानपाठकों के साथ पाँच आँगनबाड़ी केंद्र के सभी कार्यकर्ताओं, शाला विकास समिति के पदाधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल सरपंच सनबती आंचला की अध्यक्षता में हुई।

आयोजित बैठक में उच्च प्राथमिक शाला के प्रधानअध्यापकों से विषयवार पाठ्यक्रम में अब तक पढाए हुए विषय वस्तु की जानकारी मांगी गई। इसके साथ ही स्कूल में अन्य गतिविधि जो बच्चों के लिए बौद्धिक विकास के लिए समय समय पर संचालित की जाती है, उसकी भी जानकरी सभा में साझा करने को कहा गया। प्रधानपाठकों ने सरपंच कों जानकारी देते हुए बताया गया कि इस सत्र में बच्चों कों दी जाने वाली पाठ्यपुस्तके बहुत देर से मिली है, जिसके कारण पाठ्यक्रम में बहुत पीछे चल रहा है। सरपंच व उपसरपंच ने पाठ्यक्रम में पूरा फोकस करने कों कहा जिससे कोर्स भी अब तक जो होना था वहाँ तक पहुँचे और बच्चें भी सीखे और जाने। उच्च प्राथमिक शाला के कक्षा आठवीं के बच्चों के लिए प्रयास या छात्रवृति परीक्षा एनएमएमएस की समय समय पर तैयारी व मार्गदर्शन के लिए कहाँ गया। ए

प्राथमिक शाला के पांचो प्रधानपाठकों से भी सरपंच ने चर्चा कर जानकारी मांगी गई, जहाँ विशेष रूप से कक्षा पाँचवी में पढ़ रहे बच्चों का नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए फॉर्म भरे बच्चों की जानकारी लिया गया।प्रधान पाठकों के तरफ से बताए की बच्चों का फॉर्म नवोदय परीक्षा के लिए शत प्रतिशत हुआ है। यह सुनकर सरपंच सहित सभी उपस्थित लोगों ने खूशी जाहिर की। सरपंच ने पंचायत के तरफ से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए अपने पंचायत के सभी स्कूलो के लिए एक एक किताब शिक्षकों को देकर परीक्षा की तैयारी बारीकी से कराने व अपने स्कूल से हर हाल में बच्चों के चयन की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से भी कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर आँगनबाड़ी में पोषण आहार देने व कुपोषण कों हर हाल में दूर करने अति कुपोषित बच्चें कों सामान्य में लाने एनआरसी बच्चों के माता पिता से चर्चा कर भेजनें कों कहा गया हैं। सरपंच ने पंचायत के तरफ से भी कुपोषित दूर करने पोषण आहार हेतु हर संभव मदद करने कों कहा और आँगनबाड़ी में भी बच्चों को पढ़ाने सिखाने के लिए सभी आँगनबाड़ी में वाइटबोर्ड दिया गया।

समीक्षा बैठक में सरपंच ने बताया की शिक्षा ही एक माध्यम हैं जिससे हम अपने गाँव व समाज कों बेहतर बना सकते हैं, हमें शिक्षा को लेकर जागरूक होना पड़ेगा। कुपोषण सहित गाँव में नशा के प्रति भी लोगों कों जागरूक होना पड़ेगा। सरपंच ने बताया की पंचायत में हर महीना शिक्षा कों लेकर मासिक बैठक कर रहे हैं और शिक्षा पर बेहतर बदलाव हो और लोग जागरूक हो। समीक्षा बैठक उपसरपंच श्रवण कुमार मंडावी, वार्डपंच, शाला समिति के पदाधिकारी, शिक्षक, कार्यकर्ता, पंचायत के सचिव नारायण मिश्रा व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## संगम महिला कलस्टर कलगांव की आमसभा में बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



संगम महिला कलस्टर संगठन कलगांव के दीन दयाल अंत्योदय योजना (बिहान) द्वारा संचालित वार्षिक आमसभा का आयोजन जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी के मुख्य आतिथ्य एवं कलस्टर अध्यक्ष कविता नाग की अध्यक्षता और विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष कुबल सिंह भुसाखरे, जनपद सदस्य ज्योति उइके, रामबिलाश गुप्ता, महेश उइके और जीतेन्द्र मरकाम की उपस्थित में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के छाया चित्र पर फूलमाला अर्पित कर किया गया। समूह की दीदियों द्वारा स्वागत गीत, सुवा नृत्य, महिला ससक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढाओ का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम क्लस्टर संगठन का वार्षिक आय व्यय एवं ऑडिट रिपोर्ट तथा पिछले वर्ष किए गए कार्यों की जानकारी एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना क्लस्टर संगठन कोषाध्यक्ष हेमलता उइके द्वारा प्रस्तुत कियास गया, जिसे आमसभा द्वारा सर्व सहमति से पारित किया गया। इसके आलावा आगामी वर्ष के लिए आजीविका गतिविधि पर अपने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जुड़कर आय अर्जित कर लखपति बनने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष द्वारा कोदागांव एवं तारलकट्टा के महिला कृषक उत्पादक समूह को 50 हजार रुपएं स्थापना राशि एवं 1.50 लाख रुपये कार्यशील पूंजी के रूप में दो दो लाख रुपये का चेक वितरण किया गया साथ ही लखपति बन चुके दीदियों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। क्लस्टर संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कैडर एफएलसीआरपी योगिता अंचला, आरबीके मुकेश्वरी मरकाम, पीआरपी सीमा नेताम को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कलगांव कलस्टर के 16 ग्राम संगठनों के अध्यक्ष सचिव एवं 199 समूहों के सदस्य, एनआरएलएम के स्टाप, पीआरपी सीमा नेताम, क्षेत्रीय समन्वयक संदीप मेश्राम एवं रोशन सलाम, विकासखंड परियोजना प्रबंधक अनिल मिश्रा, विकास विस्तार अधिकारी दिनकर सिंह पोया उपस्थित रहे।

## डे नाइट प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन, आईटीआई मोहला ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम सिवनी में युवा संगठन समिति द्वारा आयोजित डे-नाईट कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी सम्मिलित हुई। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और सभी को खेलों के माध्यम से अनुशासन, एकता एवं स्वस्थ समाज की दिशा में आगे बढ़ने का आव्हान किया। प्रतियोगिता में लगभग 50 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम आईटीआई मोहला 15015, द्वितीय जय मारुती कराठी 7777 एवं तृतीय भानुप्रतापपुर 4444 रूपए एवं ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया गया। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि आज प्रो कबड्डी लीग के इस रोमांचक अवसर पर मैं आप सभी का स्वागत करती हूँ। यह सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि यह भारत की संस्कृति का एक हिस्सा है, जो हमें शारीरिक फिटनेस, मानसिक चुस्ती और सबसे बढ़कर टीम वर्क का पाठ सिखाता है। खेल युवा जीवन को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से बेहतर बनाता है, जिससे आत्मविश्वास, अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित होती है। खेल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं और मानसिक स्वास्थ्य के लिए तनाव कम करते हैं, वहीं टीम वर्क और मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा से सामाजिक कौशल बढ़ते हैं। प्रो कबड्डी ने कबड्डी को छोटे गांवों और गलियों से निकालकर लोगों के घरों तक पहुंचाया है। जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने कहा कि खेलो इंडिया के माध्यम से भारत देश दुनिया में खेलों में अपना लोहा मनवा रहा है और युवा इस खेल में रूचि रखकर जगह जगह विभिन्न खेलों आयोजन करते है, लेकिन खेल के साथ साथ हमें अपने जीवन को निखारने की आवश्यकता है और नशा मुक्त युवा समाज बनाने की आवश्यकता है, देश आज नशे की समस्या से जूझ रहा है। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष शकुंतला नरेटी, उमेश्वरी मंडावी, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद सदस्य विकास राजु नायक, रामुराम मण्डावी, बिहारी लाल सिन्हा, बसंती यादव, जग्गूराम मण्डावी, जागेश्वर तोप्पा, जयसिंह महावीर, रघुनाथ मंडावी, सियाराम मंडावी, सोनूराम उईका, गन्नू राम तोप्पा, उदय पुरामे, सोमदेव कोरेटी, फगनू गौर, सचिव सुदेश तोप्पा, सोनू राम उइका, मंशा मण्डावी, लुकेश भोयर, ईश्वर मंडावी, आशीष तोप्पा, रमेश मंडावी, भूपेश महावीर एवं समस्त युवा संगठन के सदस्य सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### जीवन को प्रकाशित करने में शिक्षक की भूमिका अहम



**कांकेर।** मॉर्निंग स्टार इंग्लिश स्कूल श्रीराम नगर कांकेर में शनिवार 6 सितम्बर को शिक्षक दिवस धूम धाम से मनाया गया। बच्चों ने सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर एवं गुलदस्ता नारियल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बताया गया और कहा कि शिक्षक एक ऐसा दीपक है जो हमारे जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलता है। इसलिए हम सभी को अपने शिक्षकों का आदर सम्मान करना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमे सभी बच्चो ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संचालक मनोज सिंह राजपूत, प्राचार्या नगीना खान, लीना राजपूत, संभवी अत्री, रामकी पटेल, हिमेशवरी धनकर, अनीता शोरी, शबाना खान, प्रियंका सिन्हा, झरना जैन, सादिया अंजुम, एकता यादव एवं सभी बच्चे उपस्थित रहें।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का अंग वस्त्र श्रीफल व पेन भेंट कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक भवन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अतिथि एवं शिक्षकों द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सुरेश राठौर एवं विशिष्ट अतिथि गुरुजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी गुरुजनों को अंग वस्त्र, श्रीफल व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी सुरेश राठौर ने कहा की शिक्षक केवल ज्ञान का प्रसार करने वाले ही नहीं, अपितु एक आदर्श और सशक्त समाज के निर्माण के सूत्रधार हैं। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में यह और भी आवश्यक हो गया है कि शिक्षा केवल अंकों की दौड़ न होकर, मूल्यों के संचार का माध्यम बने। शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धि-विकास नहीं, बल्कि आत्म-विकास और चरित्र-निर्माण भी होना चाहिए। प्राचार्य अल्का शर्मा ने कहा कि देश की प्रगति के पीछे कहीं ना कहीं शिक्षकों का ही योगदान है उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने का काम करते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक कुशल धुव, सेवाराम धुव, देव कृष्ण, स्वर्णवंशी, बलदेव मंडावी, केबी नेताम व डॉ लक्ष्मण शुक्ला ने शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाल सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए सच्चा रोल मॉडल होता है। शिक्षक ही उनके जीवन में प्रेरणा का स्त्रोत होते हैं। शिक्षा सिर्फ ज्ञान नहीं देती, बल्कि जीवन को सही दिशा भी दिखाती है। कार्यक्रम में मंच संचालन रामपाल सारस्वत व चन्द्रहास सिन्हा ने किया तथा कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देवानंद साहू व कार्यक्रम में आभार व्यक्त पार्षद भागवत शोरी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक वायपी रणबाकला, नरेंद्र मोहन शर्मा, भीमसिह सिन्हा, फ़क़ीर कुंजाम, जागेशवर शोरी, राजेंद्र ठाकुर, रवि भगत, गोनांछी साहू, भूमिका साहू, हनुमत सिन्हा, ओमप्रभा राजपूत, सुनीता सिन्हा, कुमार साहू, कुंदन साहू, वारिता निषाद, रोहिदास कावडे, गजानंद कुंजाम, लीलेश सिन्हा, नलिनी पटेल, विजीया साहू सहित सम्मान समारोह के आयोजक पार्षद मुकेश संचेती, नितेश मगेद्र, हेमंत साहू, रामेश्वर साहू उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत हुए शिक्षकों को किया सम्मानित



**चारामा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा की ओर से अक्टूबर 2024 से लेकर सितंबर 2025 तक सेवानिवृत हुए सभी शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। विकासखंड के 37 सेवानिवृत शिक्षकों सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू, सहायक शिक्षा अधिकारी भावना नरेटी सहित विकासखंड के सभी संकुल समन्वयको को बैंक के प्रबंधक एवं धमतरी से आए बैंक के अधिकारी कर्मचारियों ने सम्मानित किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# जीएसटी स्लैबों में सुधार से आम जनता, उद्योग जगत और कारोबारियों को मिलेगी राहत : आशाराम नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पीएम मोदी के निर्णय से दीपावली में आम लोगों को मिली राहत का गिफ्ट

देश में हाल ही में लागू किए गए वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी सुधारों को लेकर राजनीतिक और आर्थिक हलकों में व्यापक चर्चा हो रही है। इन सुधारों को आम जनता, उद्योग जगत, कारोबारियों और राज्य सरकारों के लिए राहतकारी कदम माना जा रहा है। कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम ने इन सुधारों का स्वागत करते हुए विस्तृत प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में आए बदलावों से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय व्यापार, कृषि क्षेत्र और आदिवासी अंचलों में भी सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि वर्ष 2017 में लागू हुआ जीएसटी देश की कर व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव था। शुरुआत में इसके जटिल प्रावधानों के कारण छोटे कारोबारियों, किसानों और सामान्य उपभोक्ताओं को दिक्कतें आईं। लेकिन लगातार सुधारों और अनुभवों के आधार पर अब सरकार ने कई सरलीकरण किए हैं। अब कर दरों को तर्कसंगत बनाया गया है। छोटे व्यापारियों को अनुपालन के बोझ से राहत दी गई है। ई-इनवॉइसिंग और डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया सरल हुई है। राज्यों के हिस्से के राजस्व पर भी ध्यान दिया गया है। उन्होने कहा कि सुधारों के बाद अब दवाइयाँ, कृषि उपकरण, दैनिक उपभोग की वस्तुएँ और शिक्षा से जुड़ी सेवाएँ सस्ती होंगी। आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इससे महँगाई पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। आदिवासी बहुल राज्य में जीएसटी सुधार का अलग महत्व है। वन उत्पादों पर कर छूट या कम दर से आदिवासी परिवारों की आय बढ़ेगी। हाट-बाजारों में बिकने वाले उत्पादों की कीमतें घटेंगी। स्थानीय स्वरोजगार को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा में बड़ा योगदान है।

### व्यापारियों और छोटे उद्योगों को मिलेगी राहत



विधायक ने कहा कि जीएसटी सुधार से सबसे अधिक राहत छोटे व्यापारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को होगी। मासिक रिटर्न भरने की बाध्यता कम हुई है। छोटे कारोबारियों के लिए सालाना टर्नओवर की सीमा बढ़ा दी गई है। कई वस्तुओं पर कर दर घटाई गई है, जिससे उपभोक्ता कीमतों में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य, जहां बड़े पैमाने पर लघु उद्योग और ग्रामीण बाजार सक्रिय हैं, वहां इसका असर तेजी से दिखेगा। कर सुधार से निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा। जब कारोबारियों पर टैक्स का बोझ घटेगा तो वे नए उद्योग लगाने और रोजगार बढ़ाने में सक्षम होंगे। इससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार

### पीएम मोदी के प्रति आभार

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी सुधार का जो साहसिक कदम उठाया है, वह ऐतिहासिक है। इससे देश के करोड़ों व्यापारी, किसान और उपभोक्ता राहत महसूस कर रहे हैं। हम मानते हैं कि प्रधानमंत्री ने जनता की अपेक्षाओं और छोटे कारोबारियों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए सुधार किए हैं। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी का आभार प्रकट करता हूँ।

